# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर-321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– प.4(10)मसूबृवि/प्रायो/2023/1667 दिनांक :– 05.01.2023

## स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क एवं तिथि की सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्नातक विज्ञान संकाय पार्ट तृतीय, कला संकाय पार्ट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय परीक्षा–2023 में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय (i) गणित (ii) प्राणिशास्त्र (iii) रसायनशास्त्र (iv) वनस्पतिशास्त्र (v) भौतिकशास्त्र (vi) गृहविज्ञान (छात्राओं के लिये) (vii) भूगोल एवं स्नातकोत्तर में भूगोल प्रायोगिक विषय का चयन किया है, उन्हें चयनित प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण नहीं लेने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा–2023 की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। प्रशिक्षण सम्बन्धी दिशा–निर्देश, प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची एवं प्रशिक्षण शुल्क सम्बन्धी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.msbrijuniversity.ac.in पर उपलब्ध है।

स्वयंपाठी परीक्षार्थियों द्वारा प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करने का विवरण निम्नानुसार है :–

| संकाय | प्रशिक्षण शुल्क (राशि रू.) | | | प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | महाविद्यालय को देय राशि प्रति विषय | विश्वविद्यालय को देय राशि प्रति विषय (परीक्षा फॉर्म के साथ भरी जायेगी) | कुल राशि | बिना विलम्ब शुल्क |
| विज्ञान संकाय स्नातक | 1390/– | 590/– | 1980/– | 05.01.2023 से 28.02.2023 तक |
| कला संकाय स्नातक | 920/– | 400/– | 1320/– | |
| स्नातकोत्तर भूगोल | 1920/– | 830/– | 2750/– | |

ध्यातव्य :–

- **बिना परीक्षा फॉर्म के किसी भी परीक्षार्थी का प्रशिक्षण शुल्क जमा नहीं किया जाये।**
- महाविद्यालय स्तर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण के आयोजन हेतु संलग्न प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची अनुसार परीक्षार्थी अपने निकटतम राजकीय महाविद्यालय में संपर्क करे जिसमें उनसे संबंधित विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण लिया जा सकें।
- सत्र 2022–23 के लिए स्नातक विज्ञान सकांय तृतीय एवं स्नातक कला संकाय की प्रायोगिक प्रशिक्षण संबंधी कक्षाएं 28 घण्टे (7 दिवस अथवा 14 दिवस) में पूर्ण करावें। स्नातकोत्तर भूगोल

की प्रायोगिक प्रशिक्षण संबंधी कक्षाएं 40 घण्टे (10 अथवा 20 दिवस) में पूर्ण कराया जाना निर्धारित है।

- प्रायोगिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त विलम्ब शुल्क को विश्वविद्यालय में मय विषयवार सूची जमा करावें। ध्यातव्य है कि विश्वविद्यालय हेतु निर्धारित 30 प्रतिशत राशि महाविद्यालयों को परीक्षार्थियों से नहीं लेनी है। **विलम्ब शुल्क हेतु नोटिफिकेशन** निर्धारित समयावधि पश्चात् जारी किए जायेगें।

**(डॉ0 फरबट सिंह)**
**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक :– प.4(10)मसूबृवि / प्रायो / 2023 / 1667
दिनांक :– 05.01.2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
2. कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
3. वित्त नियंत्रक, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर
4. भरतपुर एवं धौलपुर के प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजन कराने वाले राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों से निवेदन है कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा तय किये गए प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों से अधोहस्ताक्षरकर्ता को यथाशीघ्र पत्र द्वारा अवगत कराने का श्रम करें।
5. रक्षित पत्रावली

**परीक्षा नियंत्रक**

# स्वयंपाठी प्रायोगिक परीक्षा–2023

## परीक्षार्थियों तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्र सम्बन्धी "दिशा–निर्देश" एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची

1. समस्त प्रायोगिक विषय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को संबंधित विषय में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।
2. स्नातक कला (भूगोल / गणित एवं गृह विज्ञान (छात्राओं के लिये)), स्नातकोत्तर भूगोल एवं स्नातक विज्ञान संकाय के पार्ट तृतीय के स्वयंपाठी परीक्षार्थी, भरतपुर एवं धौलपुर जिलों में स्थित प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु निर्धारित राजकीय महाविद्यालयों में जहाँ पर उनके द्वारा चयनित प्रायोगिक विषय के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है, उस राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले सकेंगे। स्नातकोत्तर भूगोल विषय के स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने जिलों में स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। प्रायोगिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराने की तिथि की सूचना संबंधित महाविद्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।
3. प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर प्रायोगिक परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों द्वारा जमा करवाने होंगे, प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
4. प्रशिक्षण शुल्क एवं तिथि :–

| संकाय | प्रशिक्षण शुल्क (राशि रू.) | | | प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | महाविद्यालय को देय राशि प्रति विषय | विश्वविद्यालय को देय राशि प्रति विषय (परीक्षा फॉर्म के साथ भरी जायेगी) | कुल राशि | बिना विलम्ब शुल्क |
| विज्ञान संकाय स्नातक | 1390 / – | 590 / – | 1980 / – | 05.01.2023 से 28.02.2023 तक |
| कला संकाय स्नातक | 920 / – | 400 / – | 1320 / – | |
| स्नातकोत्तर भूगोल | 1920 / – | 830 / – | 2750 / – | |

**नोट :– परीक्षार्थी केवल महाविद्यालय हेतु निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क ही जमा करावें।**

## जिला–भरतपुर : प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची

| क. स. | महाविद्यालय कोड | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 102 | राजकीय कन्या महाविद्यालय, बयाना (केवल महिला परीक्षार्थी) |
| 2 | 103 | राजकीय आर. डी. गर्ल्स कॉलेज, भरतपुर (भूगोल के अतिरिक्त) |
| 3 | 105 | राजकीय एम. एस. जे. स्नातकोत्तर राज. महाविद्यालय, भरतपुर |

## जिला–धौलपुर : प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची

| क. स. | महाविद्यालय कोड | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 503 | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धौलपुर |
| 2 | 505 | राजकीय महाविद्यालय, बसेड़ी |

## विश्वविद्यालय परीक्षा – 2023 में प्रायोगिक विषय का चयन करने वाले स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रशिक्षण हेतु

## पंजीकरण प्रोफॉर्मा

दिनांक :..........................

1. प्रशिक्षण केन्द्र का नाम (जहॉ प्रशिक्षण लेना है) ..........................................................................................
2. प्रशिक्षणार्थी का विवरण :
   - (i) कक्षा : ..........................................................................................
   - (ii) एनरोलमेन्ट (यदि आवंटित है) :..........................................................................................
   - (iii) आधार नम्बर :..........................................................................................
   - (iv) परीक्षार्थी का नाम :..........................................................................................
   - (v) पिता का नाम :..........................................................................................
   - (vi) पूर्ण पता :..........................................................................................
   - (vii) मोबाईल नं. :..........................................................................................
3. प्रायोगिक चयनित विषयों का नाम जिनमें प्रशिक्षण लेना है :–
   - (i) ..........................................................................................
   - (ii) ..........................................................................................
   - (iii) ..........................................................................................
   - (iv) (Due Paper (if any) with class) ..........................................................................................
4. निर्धारित शुल्क राशि : रू. ..........................................................
5. रसीद संख्या / दिनांक ..........................................................

**प्रशिक्षणार्थी के हस्ताक्षर**

नोट :– स्वयंपाठी परीक्षार्थी उक्त प्रोफॉर्मा को संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र जहॉ से प्रशिक्षण लेना है, में निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 28.02.2023 जमा करावें अन्यथा प्रायोगिक प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

**– महाविद्यालय / विभाग के उपयोग हेतु –**